दिन– शनिवार दिनांक– 16/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि सरकार कारीगरों और बुनकरों को कच्चे माल से लेकर बाजार तक की सुविधा उपलब्ध करा रही है। नई दिल्ली में आज तैंतालीसवें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले, आईआईटीएफ में मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह मेला कारीगरों को एक बड़ा मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर मंडप में जनजातीय थीम पर विशेष हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद रखे गए हैं।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा– दो हजार चौबीस के द्वितीय चरण का परिणाम घोषित कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज परिणाम समिति की वेबसाईट पर जारी किया। तेईस अगस्त से छब्बीस अगस्त तक आयोजित परीक्षा में कुल पैंसठ हजार सात सौ सोलह शिक्षक सफल हुए हैं। कक्षा एक से पांच तक के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा में चौवन हजार आठ सौ चालीस उम्मीदवार उत्त्तीर्ण हुए हैं। अभ्यर्थी आवेदन संख्या और जन्म तिथि के आधार पर समिति की आधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीएसईबीसक्षमता डॉट कॉम पर परिणाम देख सकते हैं।

————————————————————————

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। अठारह नवम्बर तक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार अभी तक जदयू के अभिषेक झा, आरजेडी के गोपी किशन, निर्दलीय उम्मीदवार राकेश रौशन, जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम समेत आठ उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्नीस नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं।

————————————————————————————

राज्य में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया कल तक चलेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि बाईस नवम्बर निर्धारित है। इस चरण के लिए मतदान उनतीस नवम्बर को होगा। वहीं, चौथे चरण में एक दिसम्बर को होने वाले मतदान के लिए कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

————————————————————————————

पश्चिमी परिसंचरण के प्रभाव से राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थाना रहा, जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है। इधर, विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में अधिकांश स्थानों पर अगले दो दिनों तक सुबह और शाम के समय अत्यधिक घना कोहरा छाये रहने की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान अन्य स्थानों पर भी घना कोहरा छाया रहेगा।

————————————————————————————

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिन प्रतिवर्ष सोलह नवम्बर को स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की भूमिका को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शेखपुरा, अररिया, कैमूर और कई अन्य जिलों में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रेस के बदलते स्वरूप पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

————————————————————————————

राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला चीन से होगा। यह मैच शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। इस समय कोरिया और थाईलैंड के बीच मुकाबला जारी है। इससे पहले दिन के पहले मैच में जापान ने मलेशिया को दो–एक से पराजित कर दिया।

————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के कंगली थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच सौ और दो सौ के कुल पचपन हजार छह सौ रुपये मूल्य के भारतीय जाली नोटों के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया हैं।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।